Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up branches of Banks in rural areas of the country.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर) : वर्तमान सरकार का सघन प्रयास है कि देश में आर्थिक लेन-देन बैंकों के माध्यम से हो। इसके लिए आवश्यकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएँ खोली जाएँ जिससे ग्रामीणों को दूर तक न जाना पड़े अन्यथा इन्हें दूरस्थ बैंकों से व्यवहार करने में किराए के रूप में आर्थिक हानि तथा समय की बर्बादी होती है। इससे वे बैंक की जगह नगद में व्यवहार आसान समझते हैं, परंतु देखने में आ रहा है कि कई राष्ट्रीयकृत बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पहुंच बनाने के लिए नई बैंक शाखाएँ खोलने को तैयार हैं पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लाइसेंस न दिए जाने से यह व्यवस्था नहीं हो पा रही है। मेरी जानकारी में कई कृषि मंडी समितियों में भी बैंकों की शाखाएँ नहीं है। अतः मेरी सरकार से मांग है कि वह रिजर्व बैंक से चर्चा कर उसे इसके लिए बाध्य करे कि बैंकों द्वारा चाही गई नई शाखाओं के लिए लाइसेंस देने हेतु उदार दृष्टिकोण अपनाएँ।